RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि


हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 152 • 14:06:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर एक्शन में आए पीएम मोदी

### 4 दिन में 4 आतंकी हमले हुए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए हैं, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों और एक



सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई और सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए।

गुरुवार की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा संबंधी स्थिति की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से भी अवगत कराया गया। बैठक के दौरान, मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों से भारत की आतंकवाद-विरोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने का आग्रह किया।

## तीसरी बार एनएसए बनाए गए अजीत डोभाल, पीएम के प्रधान सचिव बने रहेंगे पीके मिश्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में तीसरी बार मोदी सरकार बन चुकी है और इसके साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालयों का आवंटन भी हो चुका है। गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

**अजीत डोभाल बने रहेंगे एनएसए** - अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए)




नियुक्त किया गया है। अजीत डोभाल को पहली बार 20 मई 2014 को देश का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया था। तब से डोभाल ही इस पद को संभाल रहे हैं। उनसे पहले शिवशंकर मेनन देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे।

**पीके मिश्रा बने रहेंगे प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-** उधर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह जिम्मेदारी पीके मिश्रा ही संभालते रहेंगे।

## जोशीमठ का नाम बदलने की मंजूरी मिली

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 12 जून को केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित जोशीमठ का नाम बदलने की मंजूरी दे दी। अब जोशीमठ को उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ से जाना जाएगा।

जोशीमठ से बद्रीनाथ, माणा, फूलों की घाटी और हेमकुंड के लिए रास्ता जाता है। नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नया नाम श्रीकैंची धाम करने की भी



मंजूरी दी। पिछले साल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले में नाम बदलने की घोषणा की थी। जोशीमठ को बद्रीनाथ धाम का प्रवेशद्वार माना जाता है। मान्यता है कि 8वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य ने इस इलाके में कल्पवृक्ष के नीचे तपस्या की थी। इस तपस्या के बाद उन्हें दिव्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस जगह को ज्योतिर्मठ कहा गया था।

### घर है या मेडिकल कॉलेज...

# 5वीं पास पिता के तीनों बच्चे बनेंगे डॉक्टर

● **पिता राजेंद्र महज 5वीं पास, मां ने नहीं देखा स्कूल का मुंह**

### अंजलि ने 2022, अविनाश ने 2023 और अजय ने 2024 में नीट की परीक्षा पास की है

**जयपुर (एजेंसी)।** महज दो कमरों का एक छोटा सा घर। उसमें भी एक कमरे के ऊपर ना छत और ना ही दीवारों पर प्लास्टर। दूसरे कमरे के ऊपर भी छत के नाम पर केवल टीन की चादर। इन्हीं दो कमरों में से एक में रहता है राजेंद्र नागर का परिवार। पत्नी मनभर और तीन बच्चों- अंजलि, अविनाश और अजय के साथ राजेंद्र की दुनिया बस इतनी सी ही है। घर के दूसरे कमरे में भूसा भरा है। परिवार चलाने के लिए राजेंद्र और मनभर के पास खेती किसानी ही एकमात्र जरिया है, जहां वो दिनभर मेहनत कर अपने इस परिवार को पाल रहे हैं।

इन हालात को देखकर क्या कोई सोच सकता है कि इसी परिवार के ये तीन बच्चे अब डॉक्टर बनने जा रहे हैं? इस बात को सुनकर भले ही आप चौंक जाएं, लेकिन सच्चाई यही



है। अंजलि और अविनाश इस समय मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि अजय को मेडिकल कॉलेज मिलना बाकी है। आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि बेहद मुश्किल हालात और आर्थिक दिक्कतों के बीच आखिर कैसे इन तीनों बच्चों ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की? राजस्थान के झालावाड़ जिले में पड़ने वाली खानपुर तहसील के गांव चलेट में, जहां रहते हुए इस परिवार के बच्चों ने ये बड़ा मुकाम हासिल किया।

### 2022 में अंजलि और 2023 में अविनाश ने क्लियर किया नीट

12वीं करने के बाद अंजिल नीट की तैयारी में जुट गई और जब परीक्षा का रिजल्ट आया, तो पूरे गांव ने राजेंद्र नागर को भर-भर के बधाई दीं। साल 2022 की नीट परीक्षा में अंजलि ने 584 नंबर हासिल कर मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बना ली। फिलहाल वो जामनगर की गुजरात आयुर्वेद यूनिवर्सिटी से डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही हैं। साल भर ही बीता था कि 2023 में राजेंद्र नागर के बड़े बेटे अविनाश ने भी नीट में 660 नंबर हासिल कर लिए। उन्हें झारखंड के देवघर एम्स संस्थान में एडमिशन मिला है।

### अजय ने भी हासिल की कामयाबी

जब डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए दोनों बड़े बहन-भाई मेडिकल कॉलेज पहुंच गए तो अजय भी कैसे पीछे रहते। 2024 में अजय को नीट परीक्षा में 661 नंबर मिले और उन्हें अब मेडिकल कॉलेज मिलना बाकी है। राजेंद्र नागर खुद केवल 5वीं कक्षा तक पढ़े हैं, जबकि उनकी पत्नी मनभर ने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा। लेकिन, जिस तरह से इस पति-पत्नी ने अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए खुद को झोंक दिया, उस पर पूरा गांव इनकी तारीफ कर रहा है। एक गरीब किसान परिवार में जन्मे ये तीनों बच्चे आज उन स्टूडेंट्स के लिए मिसाल बन गए हैं, जो जरा सी असफलता या अभाव भरी जिंदगी से हारकर अपनी मंजिल पर पहुंचने से पहले ही हार मान लेते हैं।

### नीट एग्जाम -1563 कैंडिडेट्स की दोबारा परीक्षा का प्रस्ताव

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- 23 जून को परीक्षा होगी, 30 जून तक रिजल्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोरकार्ड निरस्त होंगे। इसके बाद बिना ग्रेस मार्क्स के स्कोर कार्ड जारी किए जाएंगे।



### एनटीए की कमेटी ने सुझाए हैं प्रस्ताव

याचिकाकर्ताओं ने नीट परीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर आपत्ति जताई थी। एनटीए ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने 10, 11 और 12 जून को बैठक की। कमेटी ने सुझाव दिया है कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड निरस्त किए जाने चाहिए और इनके लिए दोबारा परीक्षा कराई जानी चाहिए। इन स्टूडेंट्स को उनके बगैर ग्रेस मार्क्स वाले ओरिजिनल स्कोर भी बताए जाने चाहिए। एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायत पर कई राज्यों के हाईकोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। ऐसे में जहां भी ग्रेस मार्क्स को लेकर याचिका लगाई गई है वहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश ही लागू होगा।

### 3 याचिकाओं पर सुनवाई हुई

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को नीट यूजी 2024 रिजल्ट को चुनौती देने वाली 3 याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

### इनमें 3 मांग की गई थीं...

- परीक्षा में शामिल 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए जो गलत है।
- मौजूदा रिजल्ट के बेस पर हो रही काउंसलिंग को रोका जाए।
- नीट परीक्षा रद्द की जाए और एग्जाम दोबारा कराया जाए।

इनमें से गुरुवार को ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुनवाई हुई है। वहीं पेपर लीक के आरोप की याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- पेपर लीक के कोई सबूत नहीं

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एनटीए पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं। यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है और हम उसके निर्णय का पालन करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र को नुकसान न हो।



### काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर चुका है सुप्रीम कोर्ट

इससे पहले 11 जून को सुप्रीम कोर्ट ने स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों की याचिका पर सुनवाई की थी। इसे रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर किया गया था। कैंडिडेट्स ने बिहार और राजस्थान के एग्जाम सेंटर्स पर गलत क्वेश्चन पेपर्स बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की शिकायत की थी और परीक्षा रद्द कर एसआईटी जांच की मांग की गई थी।

हालांकि, एससी ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने इनकार कर दिया था और एनटीए को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने नीट यूजी 2024 में पेपर लीक, ग्रेस मार्किंग सहित अन्य गड़बड़ियों पर सवाल उठाए थे। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस ए. अमानुल्लाह की पीठ ने कहा था कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, हमें जवाब चाहिए। नोटिस में बेंच ने केंद्र और परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए से 4 हफ्ते में जवाब मांगा।

# झारखंड में गर्मी से 3 की मौत

● **एमपी-राजस्थान सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट ● सिक्किम में लैंडस्लाइड से 1 की मौत, 5 लापता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के दक्षिणी राज्यों में समय से पहले दस्तक देने के बाद मानसून कमजोर पड़ गया है। इसके कारण उत्तर और पूर्वी भारत में हीटवेव का असर फिर से शुरू हो गया है। झारखंड में हीटवेव से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक मृतक रामगढ़ और दो जमशेदपुर के थे। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, दिल्ली, पंजाब और उत्तरी राजस्थान में कई जगहों पर बुधवार (12 जून) को तापमान 45 से 47 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। कानपुर 47.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। देश के 14 राज्यों में आज भी हीटवेव का अलर्ट जारी



किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा शामिल हैं। दूसरी तरफ, सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश के कारण गुरुवार (13 जून) को लैंडस्लाइड हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पांच लोग लापता हो गए। लैंडस्लाइड के कारण कई सड़कें बंद हो गईं। कई घर पानी में डूब गए या क्षतिग्रस्त हो गए। कई बिजली के खंभे भी बह गए।

### पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के सीएम के रूप में शपथ ली

# चौना मेन बने डिप्टी सीएम




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बुधवार को भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में पुनः निर्वाचित हुए पेमा खांडू ने गुरुवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के.टी. परनायक ने ईटानगर के दोरजी खांडू कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री चौना मेन और 10 अन्य कैबिनेट मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**12 सदस्यीय मंत्रिपरिषद में एकमात्र महिला मंत्री-** गुरुवार को शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों में बियुराम वाहगे, न्यातो दुकाम, गेब्रियल डेनवांग वांगसू, वांगकी लोवांग, पासंग दोरजी सोना, मामा नटुंग, दासंगलु पुल, बालो राजा, केंटो जिनी और ओजिंग तासिंग शामिल हैं। बियुराम वाघे राज्य भाजपा अध्यक्ष हैं, जबकि दासंगलु पुल मुख्यमंत्री खांडू की अध्यक्षता वाली 12 सदस्यीय मंत्रिपरिषद में एकमात्र महिला मंत्री हैं।

**अमित शाह समेत ये नेता रहे मौजूद-** शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, सिक्किम के उनके समकक्ष प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और पार्टी के अरुणाचल प्रभारी अशोक सिंघल बुधवार की बैठक में मौजूद थे, जिसमें खांडू को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया।

### दिल्ली में जल संकट

# हिमाचल का पानी देने से इनकार, एक दिन पहले हामी भरी थी

**सुप्रीम कोर्ट बोला- यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में जल संकट को लेकर गुरुवार (13 जून) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिमाचल प्रदेश ने कोर्ट से कहा कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है। एक दिन पहले (12 जून को) हिमाचल ने कहा था कि उसकी तरफ से पानी छोड़ा गया है। हरियाणा की तरफ से पानी सप्लाई किया जाना बाकी है।



जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। हमारे पास दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच जल-बंटवारे के फॉर्मूले पर फैसला लेने की टेक्निकल एक्सपर्टीज नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ दिया। कोर्ट ने कहा कि यमुना रिवर बोर्ड ने पहले ही दिल्ली को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है। अगर दिल्ली सरकार ने एप्लीकेशन नहीं दी है तो आज शाम 5 बजे तक दे दें। कोर्ट ने यमुना रिवर बोर्ड को शुक्रवार (14 जून) को एक बैठक बुलाकर दिल्ली सरकार के एप्लीकेशन पर जल्द से जल्द फैसला लेने का आदेश दिया है।

### भारत का पहला डिफेंस ईचीएफ शुरू

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एसेट मैनजमेंट कंपनी मोतीलाल ओसवाल यानी एमएसी ने 13 जून को 'मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह डिफेंस इंडेक्स फंड आज से खुल गया है और 24 जून 2024 को बंद होगा। यह एक ओपन-एंडेड फंड है, जो निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स के कुल रिटर्न को रेप्लिकेट या ट्रैक करता है। ओपन एंडेड में स्टॉक्स को किसी भी समय खरीदा या बेचा जा सकता है इस न्यू फंड ऑफर में इन्वेस्टर्स 13 जून से 24 जून तक अप्लाई कर सकेंगे।






### भोपाल में हाथी ने महावत को कुचला

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में हाथी (मादा) ने एक महावत को कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये महावत का पालतू हाथी है। वे बुधवार रात को हाथी के नजदीक सो रहे थे, तभी हाथी ने उनको सूंड से उठाकर पटक दिया। हाथ पकड़कर घसीटा और पैर से कुचल दिया। घटना बुधवार देर रात भानपुर ब्रिज के पास की है। छोला मंदिर पुलिस हाथी को थाने ले आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी विधायक दल की आज होगी बैठक लोकसभा चुनाव के नतीजों पर होगा मंथन

**पटना।** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद आज पहली बार बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। बिहार में 40 सीटों पर जीत के दावे के बाद 30 सीटों पर ही जीत हुई। ऐसे में 10 सीटों पर एनडीए गठबंधन की हुई हार के क्या कारण रहे और कहां कमी रही। इन सब बातों पर मंथन होगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा होगी। पाटलिपुत्र से रामकृपाल यादव, औरंगाबाद से सुशील सिंह, बक्सर से मिथिलेश तिवारी, आरा से आरके सिंह और काराकाट में उपेंद्र कुशवाहा की बड़ी हार हुई है। काराकाट में भोजपुरी स्टार पवन सिंह निर्दलीय लड़े और उपेंद्र कुशवाहा की हार हुई। आरा में आरके सिंह हारे तो पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जिसको लेकर मीटिंग में मंथन किया जाएगा। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मीटिंग होगी। जिसमें डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत विधायक और एमएलसी शामिल होंगे।

### CBSE एक्सप्रेशन सीरीज के लिए 30 जून तक आवेदन, क्लास 3 से 12वीं के छात्र ले सकते भाग

**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की ओर से एक्सप्रेशन सीरीज के तहत स्कूली बच्चे निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसमें क्लास 3 से लेकर 12वीं तक के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। विद्यार्थियों को 30 जून तक संबंधित स्कूल में आवेदन करना होगा। अंग्रेजी या हिंदी किसी भी भाषा के माध्यम में अपनी एंट्री दे सकते हैं। इस बार एक्सप्रेशन सीरीज की थीम नई शिक्षा नीति 2020- विकसित भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। एक्सप्रेशन सीरीज 2024-25 के लिए स्कूली विद्यार्थियों को चार कैटेगरी में बांटा गया है। पहली कैटेगरी में क्लास 3 से 5 को शामिल किया जाएगा। दूसरी कैटेगरी में 6 से 8, तीसरी कैटेगरी में 9वीं से 10वीं और चौथी कैटेगरी में सीनियर सेकेंडरी क्लास के 11वीं और 12वीं के छात्र को रखा गया है। एंट्री निबंध और कविताओं के रूप में होना आवश्यक है। प्रत्येक कैटेगरी की 10 बेस्ट एंट्री को सीबीएसई रीजन चयनित करेगा और नेशनल लेवल पर विजेता घोषित किया जाएगा। टॉप-3 का चयन एंट्री नेशनल लेवल पर किया जाएगा और इन्हें बुकलेट के रूप में संकलित कर सीबीएसई के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। हर एक प्रतिभागी को ऑनलाइन सर्टिफिकेट उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर दिया जाएगा। प्रतिभागी सीबीएसई एक्सप्रेशन सीरीज एप पर जाकर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर पाएंगे।



### पटना समेत 7 जिलों में रेड, 13 में ऑरेंज अलर्ट, लू और गर्मी से फिलहाल राहत नहीं, 19 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार

**पटना।** पटना समेत प्रदेश में अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आज 20 जिलों में लू को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, पटना और अरवल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि 13 जिले बांका, समस्तीपुर, जमुई, गया, सारण, शेखपुरा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान और वैशाली में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, बुधवार को पटना, गया, छपरा, शेखपुरा, गोपालगंज समेज 15 जिलों में पूरे दिन लू की स्थिति बनी रही। पूरे दिन तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस रहा। औरंगाबाद सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू चलेगी। राज्य के दक्षिण-मध्य भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना और उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।



### 24 जून से समस्तीपुर-सीवान के बीच चलेगी दो पैसेंजर ट्रेन यात्रियों की सुविधा को लिए रेलवे ने लिए निर्णय

**हाजीपुर।** 24 जून से समस्तीपुर और सीवान के मध्य पैसेंजर ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे के द्वारा यह पहल किया गया है। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परिचालन किए जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की सूची जारी की है। गाड़ी सं. 55122 सीवान-समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन दिनांक 24.06.2024 से सीवान से 04.00 बजे खुलकर 05.40 बजे छपरा, 08.30 बजे सोनपुर, 08.42 बजे हाजीपुर, 10.40 बजे मुजफ्फरपुर रूकते हुए 12.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 55121 समस्तीपुर-सीवान पैसेंजर ट्रेन दिनांक 24.06.2024 से समस्तीपुर से 16.00 बजे खुलकर 17.35 बजे मुजफ्फरपुर, 19.20 बजे हाजीपुर, 19.35 बजे सोनपुर एवं 21.45 बजे छपरा रूकते हुए 23.45 बजे सीवान पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह पैसेंजर ट्रेन पचरूखी, दुरौंधा, चैनवा, महेन्द्रनाथ हाल्ट, एकमा, दाउदपुर, कोपासमहोता, टेकनिवास, छपरा, छपरा कचहरी, गोल्डेनगंज, डुमरी जुआरा, बड़ा गोपाल, पंचपतिया देओरिया हाल्ट, अवतार नगर, दिघवारा, शीतलपुर, नयागांव, परमानंदपुर, सोनपुर, हाजीपुर, घोसवर, सराय, बिथौली, भगवानपुर, बेनीपती पिरापुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की, रामदयालूनगर, मुजफ्फरपुर, नारायणपुर अनंत, सिलौट, सिहो, ढोली, दुबहा, खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरीग्राम स्टेशनों पर रूकेगी । इस पैसेंजर ट्रेन में साधारण श्रेणी के 12 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 14 कोच होंगे ।



### देह-व्यापार और वेश्यावृत्ति में शामिल 27 महिला-पुरुष गिरफ्तार, ORT गठित की गई थी

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना में स्टेशन के पास कुछ होटलों से देह व्यापार के मामले सामने आए हैं। होटल के मालिक, मैनेजर और अन्य कर्मी द्वारा व्यवसाय की आड़ में बाहर से महिलाओं और लड़कियों को लाया जाता है। इसके बाद देह व्यापार और वेश्यावृत्ति के धंधा से आर्थिक लाभ लिया जाता था। इसकी सूचना पर वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हडकंप मच गया है। पुलिस ने 4 होटलों में एक साथ रेड की है। रेड के दौरान पुलिस ने 12 पुरुष और 15 लड़की और महिला गिरफ्तार हुई है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय के निर्देशन में सदर SDPO हाजीपुर ओम प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक नगर थाना पुलिस और QRT टीम को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए हाजीपुर स्टेशन स्थित 4 होटलों में छापेमारी की गई थी। देखें होटलों के नाम, इसमें कुल 11 पुरुष और 15 लड़की समेत महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए हैं। इसके साथ ही इनके पास से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। साथ ही इसमें शामिल होटल ड्रीम के मैनेजर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। उन्होंने बताया कि हाजीपुर स्टेशन के पास होटल में देव व्यापार और वेश्यावृत्ति की सूचना मिली थी। सदर SDPO ओमप्रकाश के नेतृत्व में यह टीम गठित कर रेड की गई है। इस संबंध में नगर थाना कांड दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा फरार होटल मालिक और कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



# तेजस्वी बोले-मंगलराज का नजारा, 11 जिलों में लूट, हत्या, बलात्कार

**विजय सिन्हा का पलटवार- आपकी मानसिकता ही जंगली, सम्राट ने कहा-अपनी सरकार की समीक्षा करें**

एजेंसी, पटना।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर तीखा हमला किया। गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए सूबे में बीते दिनों हुई घटनाएं गिनाई हैं। तेजस्वी ने 11 जिले के 14 अपराध गिनाते हुए हमला बोला। वहीं, इसपर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने रिएक्शन देते हुए अपने वक्त की सरकार की समीक्षा करने की बात कही। विजय सिन्हा ने कहा कि उन लोगों की मानसिकता ही जंगली है। तेजस्वी ने कहा था कि बिहार में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। पोस्ट में लिखा कि यहां डबल इंजन सरकार के चंद घंटों के मंगलराज का अद्भुत आपराधिक नजारा देखिए। मुख्यमंत्री से लेकर दो-दो उपमुख्यमंत्री सहित समूचा अमला आपराधिक घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी साधे हुए है। तेजस्वी यादव के इस पोस्ट पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा अपराधियों को बचाने वाली नहीं है। सभी को कड़ी सजा मिलेगी। अपराधियों को छिपा कर रखने वाली पार्टी राजद है।

**विजय सिन्हा बोले- इन लोगों ने जंगलराज को गुंडाराज में बदला:** RJD नेता तेजस्वी यादव बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, "ये वही लोग हैं जो जंगलराज को गुंडाराज में बदल दिए थे। हमने जंगल राज को उखाड़ कर फेंक दिया था...बीच-बीच में चोर दरवाजे से जंगल राज वाले लोग घुस कर अपने जंगली मानसिकता के लोगों को पोषित किया। जब बीमारी शरीर में फैलती है तो उसके इलाज में समय लगता है।


**तेजस्वी अपनी सरकार की समीक्षा करें-भाजपा:** वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्णा ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर है। जो घटनाएं हुई हैं, उनको गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। तेजस्वी यादव की यही भावना अगर उनकी सरकार के लिए होती तो बिहार में जंगलराज वापस नहीं आता। जंगलराज-1 और 2 ये उनके और उनके परिवार, दल की ही देन है। कहा कि लॉ एंड सिचुएशन के लिए अभी इतने गंभीर हैं, उम्मीद है कि इसी तरह अपनी सरकार के वक्त भी गंभीर रहे होंगे। उस वक्त की समीक्षा आप क्यों नहीं करते हैं।

## पटना में चाय, सैलून और फर्नीचर की दुकान जलकर खाक

एजेंसी, पटना।

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के न्यू ब्रह्मपुर मोहल्ले में बुधवार की रात आग लगने से तीन दुकानें जल गईं। आग सबसे पहले चाय दुकान में लगी जिसके बाद लपटों ने आसपास की दो और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रामकृष्ण नगर थाना और अग्नि दस्ते गाड़ी को दी। सूचना मिलने के बाद गाड़ी मौके पर पहुंची। घटना की पुष्टि राम कृष्ण नगर थाना प्रभारी ने की है। उन्होंने बताया कि थाना में लिखित शिकायत मिली है। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात लगभग 2:30 पर एक चाय दुकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच बगल के एक फर्नीचर दुकान और सैलून दुकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते तीनों दुकान पूरी तरह जलकर नष्ट होगा।

**सुबह लोगों ने शिकायत की है:** घटना के बाद रवि कुमार शर्मा, रोहित कुमार और विकास कुमार ने बताया कि आधी रात के वक्त शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लगी है। उन्होंने बताया कि अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची। गुरुवार की सुबह पीड़ित लोगों ने इसकी शिकायत रामकृष्ण नगर थाने में की है।



♦ न्यू ब्रह्मपुर मोहल्ले में शॉर्ट सर्किट से घटना, एक से फैली लपटों ने तीनों शॉप को जलाया

## रेल, कपड़ा, सिविल एविएशन, बिहार को पहले सब मिला है

एजेंसी, पटना।

पटना एयरपोर्ट पर गुरुवार को भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने विपक्ष पर पलटवार किया। मोदी कैबिनेट में बिहार के मंत्रियों को मिली जगह पर हो रही राजनीति को लेकर कहा कि बिहार को पहले रेल, कपड़ा, सिविल एविएशन सहित कई ऐसे विभाग मिले हैं। इसलिए विपक्ष को इस पर राजनीति करने की जरूरत नहीं है। विपक्ष अब सिर्फ पांच साल बयानबाजी करे, उनको यही काम मिला है। शाहनवाज ने आगे कहा कि नीतीश कुमार चट्टानी एकता के साथ हमारे साथ खड़े हैं। आगे भी खड़े रहेंगे किसी को गलतफहमी रखने की जरूरत नहीं है। कुछ जगह बीजेपी और जेडीयू की सीटों पर हुई हार के बाद आपसी एकजुटता पर उठ रहे सवालों पर सफाई देते हुए इसे चट्टानी एकता बताई।

**कुवैत में हुई मौतों पर भी विपक्ष को घेरा:** वहीं, कुवैत में आग लगने के कारण भारतीय की हुई मौत पर शोक प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि कुवैत में जिन भारतीयों की मौत हुई है, वह घटना बहुत दुखद है। पूरे मामले को लेकर कांग्रेस को राजनीति नहीं करनी चाहिए और इस पर राहुल गांधी राजनीति न करें तो अच्छा है। लोकसभा के मंत्रिमंडल गठन के बाद बिहार के मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह दिए जाने पर विपक्ष लगातार सवाल खड़े कर रहा है। बता रहा है कि बिहार के मंत्रियों को कोई खास विभाग नहीं दिया गया और सिर्फ बहलाया गया है। बता दें कि ललन सिंह, जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह सहित आठ को दिए गए मंत्रालय पर विपक्ष लगातार सवाल खड़े कर रहा है।



पटना में बोले शाहनवाज हुसैन- विपक्ष अब 5 साल बयानबाजी करें, उनका यही काम

**बिहार विमेंस कबड्डी लीग 2024 का चौथा दिन**

## 31 अंकों के साथ सीवान टाइटेंस पहले स्थान पर, पटना दो पायदान नीचे खिसका

एजेंसी, पटना।

बिहार विमेंस कबड्डी लीग के चौथे दिन भी खिलाड़ियों और दर्शकों का जोश पूरे उफान पर रहा। कुल 21 मैचों के बाद अंक तालिका में 31 अंकों के साथ सीवान टाइटेंस पहले स्थान पर और 23 अंकों के साथ सारण स्ट्राइकर्स दूसरे स्थान पर है। 22 और 17 अंकों के साथ पटना पेलिकंस और सीतामढ़ी सेंटीनल्स तीसरे और चौथे स्थान पर है। तीसरे दिन पटना पेलिकंस पहले स्थान पर था।

**सीवान टाइटेंस ने मगध वारियर्स को हराया:** आज हुए पहले मैच में सीवान टाइटेंस ने मगध वारियर्स पर 29-16 से शानदार जीत दर्ज की। 11 रेड प्वाइंट्स के साथ सीवान टाइटेंस की आशिक शांडिल्य बेस्ट रेडर बनीं। इसी टीम की मणि कुमारी 6 टैकल प्वाइंट्स लेकर बेस्ट डिफेंडर घोषित हुई। दूसरे मैच में नालंदा निंजास की टीम ने पटना पेलिकंस को 24-13 से हराया। नालंदा निंजास की नैंसी प्रिया शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 रेड प्वाइंट्स लेकर बेस्ट रेडर के साथ साथ 9 टैकल प्वाइंट्स हासिल कर बेस्ट डिफेंडर भी घोषित हुई।



**सीतामढ़ी ने सारण को हराया:** सीतामढ़ी सेंटीनल्स और सारण स्ट्राइकर्स के बीच हुए आज सुबह के तीसरे रोमांचक मुकाबले में सीतामढ़ी सेंटीनल्स 29-28 से विजयी रहा। 12 रेड प्वाइंट्स के साथ सीतामढ़ी सेंटीनल्स की सुरुचि कुमारी बेस्ट रेडर बनी और 6 टैकल प्वाइंट्स लेकर सारण स्ट्राइकर्स की प्रतिभा कुमारी बेस्ट डिफेंडर घोषित हुई।

## चौधरी टाइटल से नाराज था शख्स, मिल रही थी धमकी, प्लूरल्स पार्टी के सदस्य बोले-लगातार कॉल आ रहे थे, पार्टी ऑफिस में हुई थी तोड़फोड़

एजेंसी, पटना।

द प्लूरल्स पार्टी के दफ्तर में हुई तोड़ फोड़ मामले में का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बावजूद भी अपराधी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। हालांकि पुलिस इस छानबीन कर रही है।प्लूरल्स पार्टी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी भी पुलिसिया कार्रवाई का इंतजार कर रही हैं। पार्टी सदस्य आदर्श चौधरी के मुताबिक जांच के बाद ही वो अपनी प्रतिक्रिया देना चाहती हैं।

**चौधरी टाइटल को लेकर आ रहे थे कॉल:** पार्टी के सदस्य आदर्श चौधरी ने बताया कि किसी पर शक नहीं है। हमलावर अज्ञात है। अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आदर्श से जब धमकी के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन से एक धमकी भरा कॉल आ रहा था। कॉल करने वाले शख्स की परेशानी चौधरी टाइटल को लेकर थी, लेकिन जब तक स्पष्ट नहीं हो जाता तब तक कुछ कह पाना मुश्किल है। सोशल मीडिया में भी लोग पोस्ट पर कमेंट्स करते रहते हैं। हम लोग इन सब चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं।



**सिर्फ केयर टेकर मौजूद था:** बताया कि कैंपस में दो गाड़ी लगी हुई थी। दोनों गाड़ी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी की थी। हमलावर ने सीधा गेट के अंदर एंट्री की और चौधरी के गाड़ी पर हमला कर दिया। जबकि ग्राउंड फ्लोर पर गर्ल्स हॉस्टल है। बच्चियां भी रहती हैं, लेकिन उन लोगों को नुकसान पहुंचाए बिना सिर्फ पुष्पम प्रिया की गाड़ी को टारगेट किया। इस दौरान सिर्फ एक केयर टेकर मौजूद था। घटना बुधवार सुबह लगभग 8:30 बजे की है।

**एक ही हमलवार की तस्वीर आई है सामने:** अभी तक इस पूरे घटनाक्रम में एक ही शख्स की तस्वीर सामने आई है। युवक बाइक पर सवार होकर आता हुआ दिख रहा। उसकी तस्वीर आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है। हालांकि युवक की पहचान एसकेपुरी थाना की पुलिस अभी नहीं कर पाई है।

## कारोबारी से 63,500 की लूट

एजेंसी, पटना।

पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र में बैंक जा रहे व्यापारी से लूट हुई है। पीड़ित प्रणय कुमार ने बताया कि रुपए और चेक जमा कराने के लिए अपनी गाड़ी से बैंक जा रहा था। इस दौरान बाइपास पर एक शख्स ने मुझे रोका और कहा कि आपकी गाड़ी से मोबिल गिर रहा है। गाड़ी साइड करके मैं नीचे उतरकर देखने लगा, इतने में अपराधी बैग और सामान लेकर भाग निकला।

**पुलिस ने नहीं लिया एक्शन:** उन्होंने आगे कहा कि बैग में 63500 रुपए नगद, 150000 लाख का चेक और नगर निगम से संबंधित कुछ दस्तावेज था। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ आवदेन लेने में डेढ़ घंटा लग गया। 4 बार आवेदन में बदलाव कराया गया। रिसीविंग देने के बाद ये कहा जा रहा है कि कार्रवाई कल होगी। कल थाने पर आना होगा। आज नहीं होगा।



रुपए जमा कराने जा रहा था बैंक, पीड़ित ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी:** वहीं, थानेदार अभय कुमार ने बताया कि लूटपाट की घटना नहीं हुई है। चोरी की मामला है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## पटना सिटी में तेज रफ्तार कार गड्ढे में पलटी, दो लोग घायल

**पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती, हालत गंभीर**

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में महावीर घाट के पास तेज रफ्तार कार 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार एक महिला और पुरुष घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महावीर घाट पर गंगा किनारे बरसात के दिनों में मिट्टी कटाव और पानी के तेज बहाव को रोकने के लिए खुदाई की जा रही है। तेज रफ्तार कार पूर्व दिशा की ओर से आ रही थी। घाट के पास अचानक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई।



गाड़ी में एक महिला और पुरुष सवार थे। दोनों को काफी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकाला गया।

**घायलों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है:** वहीं, आलमगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि घायलों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया गया है। जेसीबी मशीन की मदद से कार को गड्ढे से बाहर निकाला गया है।

## पटना के स्लम एरिया में बनेगा स्मार्ट बाजार

**भंवर पोखर इलाके से होगी शुरुआत, बेघर हुए लोगों के लिए बनेगा G+2 भवन**

एजेंसी, पटना।

पटना शहर की मलिन बस्तियों में स्मार्ट बाजार बनाया जाएगा। यहां न सिर्फ दुकानें लगेंगी बल्कि खरीदारी के लिए आने वालों को पार्किंग की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। इसकी शुरुआत सब्जी बाग स्थित भंवर पोखर से की जा रही है। वार्ड नंबर 39 के पार्षद राहुल यादव ने स्मार्ट बाजार बनाने का प्रस्ताव नगर निगम को भेजा था। मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को पक्का आवास भी मुहैया कराई जाएगी।

**बेरोजगार को मिलेगा रोजगार और बेघर को घर:** राहुल यादव ने कहा कि पटना नगर निगम के चुनाव के समय मैंने बस्ती में रहने वाले दलित-महादलित लोगों से वादा किया था कि निगम चुनाव जीतने के बाद उन्हें पक्का मकान दिया जाएगा। अभी वहां की स्थिति नरकीय है। काफी कचरा फैला हुआ है। निगम की खाली जमीन पर भवन या मार्केट बनाने का प्रावधान है। इसी के तहत मैंने यह सुपर मार्केट बनाने का प्रस्ताव रखा है। इससे जो बेरोजगार हैं उन्हें रोजगार मिलेगा और जो बेघर हैं उन्हें घर की छत मिल जाएगी।



**6 कट्ठा जमीन चिह्नित:** स्मार्ट बाजार बनाने के लिए भंवर पोखर में 6 कट्ठा जमीन चिह्नित है। स्मार्ट बाजार में 10/10 की 50 दुकानें बनाई जाएंगी, जिसमें अलग-अलग दुकानदार बैठेंगे। फिलहाल यह जमीन अतिक्रमित है और इसे खाली कराने के बाद यहां निर्माण का काम शुरू होगा। इसमें से लगभग पौने 2 कट्ठा जमीन पर तीन मंजिला मकान बनाया जाएगा। यह G+2 भवन होगा, जिसमें 30 रूम होंगे।

**स्मार्ट बाजार के निर्माण के लिए 70 लाख लगेंगे:** राहुल यादव ने कहा कि नगर निगम की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार अतिक्रमण कर लिया जा रहा है। इसलिए इस जमीन पर स्मार्ट बाजार बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वर्तमान समय में झोपड़ी बनाकर कई परिवार यहां रहते हैं। इस बस्ती में लगभग 2000 लोगों की आबादी है, जिसमें 30-40 के मकान नहीं है। ऐसे लोगों को G+2 भवन में रहने के लिए आवास दिया जाएगा। इसी जमीन पर मलिन बस्ती की जगह तीन मंजिला भवन बनाने की योजना है। भवन के निर्माण में 81 लाख लगेंगे, वहीं स्मार्ट बाजार के लिए 70 लाख लगेंगे। ऐसे स्मार्ट बाजार से लोगों को रोजगार मिलेगा और नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सुल्तानगंज में मोबाइल चार्जर खरीदने को लेकर दो पक्षों में झड़प



**भागलपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के महेशी पंचायत स्थित महेशी ग्राम में बुधवार की देर शाम मोबाइल चार्जर खरीदने के दौरान हुए विवाद के दो पक्षों में रोड़ेबाजी हो गई। दोनों पक्षों की ओर लाठी डंडे भी चले। कई लोगों को चोटें आयी। मारपीट की घटना में महेशी गांव निवासी बलराम मंडल के घायल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि महेशी में मोबाइल दुकान पर चार्जर खरीदने के लिए महेशी पंचायत के मंडल टोला से एक व्यक्ति पहुंचा था। उस समय मोबाइल दुकान संचालक का एक पड़ोसी दुकान पर पहले से मौजूद था। उसने चार्जर खरीदने आए युवक को अपशब्द कह दिया जिससे दोनों में बाताबाती हो गई। फिर दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने सहयोगी को बुला लिया और मारपीट हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी सुल्तानगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रियरंजन एवं बीडीओ संजीव कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इधर अकबरनगर और शाहकुंड थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस दोनों पक्ष के लोगों से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि मोबाइल का चार्जर ठीक करने को लेकर मोबाइल दुकान संचालक एवं ग्राहक के बीच नोक झोंक हुई। मामला शांत करा दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंचकर पुलिस कैंप कर रही हैं।

### साली को लेकर भागा जीजा, पत्नी ने दर्ज कराया मामला

**बांका, एजेंसी।** बांका के शंभूगंज थाना क्षेत्र में शादीशुदा युवक का साली पर दिल आया तो पत्नी और दो बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पत्नी थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पीड़ित डोली कुमारी ने बताया कि परिवार में लगने वाली साली को लेकर उनका पति सौरभ राजा फरार हो गया है। इसी को लेकर थाना में शिकायत करने आए है। वहीं आगे महिला ने बताया कि फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के डोमो कुमारपुर में उनका मायका है। वहीं उनका ससुराल शंभूगंज थाना क्षेत्र के पीपरा में है। सौरभ से उनकी पहचान यूट्यूब के माध्यम से हुई। धीरे-धीरे दोनों में प्यार बढ़ गया और साल 2018 में हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी किया था। शादी से दो बेटे भी है। अब ससुराल आने-जाने के दौरान यूट्यूब के माध्यम से ही रिश्ते में लगने वाली साली डेजी कुमारी पर दिल आ गया। वहीं सौरभ राजा का कहना है कि वह इंटरनेट पर रील बनाने का काम करता है। इस काम में कई लड़कियों और महिलाओं से संपर्क करना पड़ता है। इसको लेकर पत्नी को शक है। इसके अलावा प्रभारी थानाध्यक्ष अमीत कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### कूरियर में मादक पदार्थ का झांसा देकर 3.67 लाख ठगे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** साइबर शातिरों ने सदर थाना के अतरदह मोहल्ला के जीवनदीप कॉलोनी निवासी नवीन कुमार सिंह को उसके नाम से आए कूरियर में मादक पदार्थ होने का झांसा देकर तीन लाख 61 हजार 865 रुपए की ठगी कर ली है। उन्होंने सदर थाना में साइबर शातिरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। नवीन सिंह ने पुलिस को बताया है कि उन्हें एक अंजान नंबर से बीते तीन जून को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि नवीन सिंह के नाम का एक कूरियर आया है, जिसमें मादक पदार्थ है। कॉल करने वाले खुद को नार्कोटिक्स विभाग का अफसर बताया। उसने कहा कि कॉल को मुम्बई साइबर क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया जा रहा है। इसके बाद स्काइप ऐप से किसी ने कॉल किया। वह तरह-तरह से धमकाने लगा। उसके बाद किसी ने खुद को फाइनेंस विभाग का खुद को अफसर बताकर बात की। फिर उसने एक पत्र भेजा जिसमें कई तरह की बातें लिखी हुई थी। डरा धमका कर और झांसा देकर उससे मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए 3.61 लाख रुपए मंगवा लिया। बाद में ठगी का अहसास होने पर नवीन सिंह ने नेशनल साइबर क्राइम पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# प्रचंड गर्मी और लू से बिहार में 8 की मौत, बांका में जीविका कर्मी की गई जान, रक्सौल में दो मरे



**बांका , एजेंसी।** भीषण गर्मी और लू की वजह से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बुधवार को आठ लोगों की जान चली गई। उधर, नवादा के मेसकौर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भीषण गर्मी से 12 बच्चियों की तबियत बिगड़ गई। औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड के चंदा मोबाइल कचहरी की सरपंच बिशनपुर निवासी 40 वर्षीय नीलम देवी की मौत बुधवार की दोपहर हो गई है। परिजनों ने लू लगने से मौत की आशंका जताई है। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव में पिंकी देवी की मौत हो गई।

नालंदा के जैतीपुर गाब निबासी अरुण पंडित ( 50 वर्ष ) की मौत लू लगने से हो गई। बेगूसराय के भगवानटोल के समीप एक युवक का शव मिला। पुलिस के अनुसार शायद लू लगने से उसकी मौत हो गयी है। उधर, बीहट रिफाइनरी थाना क्षेत्र के जैमरा में लू लगने से दिव्यांग आइसक्रीम विक्रेता की मौत हो गई। लखीसराय के पीरी बाजार स्थित महादलित टोला में एक मजदूर की मौत हो गई है। आशंका है कि हीट स्ट्रोक से उसकी मौत हुई है। रक्सौल में मंगलवार देर शाम दो लोगों की मौत हो गई है।

बांका शहर के एक गेस्ट हाउस में जीविकाकर्मी सचिन पाठक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। हीटवेव की चपेट में आया सचिन दो दिनों से बीमार था। आपको बता दें सूबे में मानसून आने से पहले भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।

बुधवार को भी दक्षिण बिहार के 15 जिले लू की चपेट में रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहा। पटना में लगातार छठे दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को पटना सहित सात जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 13 जिलों में उष्ण लहर का ऑरेंज अलर्ट है।

गुरुवार को पटना समेत सात जिलों बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास व अरवल में भीषण गर्मी व (हीट वेव) लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान और वैशाली जिले के एक या दो स्थानों पर लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी व पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सारण, उत्तर-मध्य भागों के सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर एवं दक्षिण-पूर्व के भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया में गर्म व आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

## नीतिश कुमार को झटका, जगदानंद सिंह के बेटे अजीत सिंह राजद में शामिल

**पटना, एजेंसी।** प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे अजीत सिंह राजद में शामिल हो गए हैं। वे करीब एक माह पूर्व जदयू से त्यागपत्र दे चुके थे। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह के बक्सर से सांसद निर्वाचित होने के बाद उनके विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ के उपचुनाव में अजीत सिंह के चुनाव लड़ने की संभावना है। रामगढ़ से विधायक रहते हुए जगदानंद सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह ने बक्सर संसदीय क्षेत्र से राजद के उम्मीदवार बनाए गए थे। सुधाकर सिंह के सांसद निर्वाचित होने के बाद रामगढ़ विधानसभा सीट रिक्त होगी। इस सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा। इसको लेकर ही राजद ने अपनी रणनीति तय की है। हालांकि, अजीत सिंह ने कहा है कि रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी जो भी फैसला लेगी उन्हें मान्य होगा। अजीत सिंह कहा कि संविधान विरोधी साम्प्रदायिक शक्तियों



को पराजित करने के लिए जदयू को छोड़ा है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में उन्होने इंडिया अलायंस के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया था। और आगे भी करते रहेंगे। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद के दोनों बेटे अब राजद में सेट हो गए हैं। सुधाकर सिंह बेटे पहले से आरजेडी में थे। और अब छोटे बेटे अजीत सिंह ने भी आरजेडी का दामन थाम लिया है। 12 अप्रैल 2022 को अजीत सिंह ने जेडीयू की सदस्यता ली थी। और अब करीब 2 साल बाद जदयू छोड़ राजद में शामिल हो गए हैं। अब पिता जगदानंद और दोनों बेटे सुधाकर सिंह और अजीत सिंह समेत पूरा कुनबा आरजेडी में शामिल है।

### स्कैम में बेटी के धराने का झांसा देकर 30 हजार ठगे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** दिल्ली में पढ़ रही बेटी के 20 लाख के स्कैम में गिरफ्तारी का झांसा देकर साइबर शातिरों ने पियर थाना के पटसारा निवासी नीतीश कुमार से 30 हजार रुपए की ठगी कर ली। उन्होंने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि साइबर शातिरों ने उसे पाकिस्तान के नंबर से व्हाट्सएप कॉल की थी। बेटी को बचाने के लिए 30 हजार रुपए की डिमांड की। बेटी के हवाले पर डर चुके नीतीश ने यूपीआई पर रुपए भेज दिया। हालाकि तुरंत ही उन्हें ठगी का अहसास हो गया तो उन्होंने नेशनल क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## पटना में टूटा बिजली डिमांड का रिकॉर्ड; पीक आवर में 800 मेगावाट की खपत, प्रचंड गर्मी में हांफ गए ट्रांसफार्मर

**पटना , एजेंसी।** भीषण गर्मी ने इस बार बिजली की खपत का रोजाना नया रिकॉर्ड बन रहा है। पहली बार ऐसी स्थिति बनी कि मंगलवार की रात लगातार चार घंटे तक बिजली की खपत 800 मेगावाट के पार रही। पिछले साल बिजली की अधिकतम मांग 775 मेगावाट तक गई थी, लेकिन कुछ ही देर बाद यह नीचे चली आई थी। मांग बढ़ने से बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। सबस्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर से लेकर आपूर्ति ट्रांसफार्मर पर लोड दोगुना हो जा रहा है, जिसके कारण शहर में बिजली कटौती थम नहीं रही है। लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हो रहे हैं। वहीं दीघा ग्रिड के केबल ट्रंच में आग लगने से पांच लाख की आबादी प्रभावित रही। 150 पर चलने वाले ट्रांसफार्मर पर 300 एम्पीयर लोड मंगलवार की रात पीकआवर में 11 बजे 857 मेगावाट और बुधवार की दोपहर 3 बजे 832 मेगावाट बिजली की मांग रही। यह मांग पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बनी हुई है। इसका असर यह हो रहा कि पेसू पूर्वी और पश्चिमी अंचल के कई इलाके में पावर ट्रांसफार्मर सामान्य रूप से चल नहीं पा रहा। 150 एम्पीयर पर चलने वाले पावर ट्रांसफार्मर पर लोड 300 एम्पीयर तक चला जा रहा है। यह ओवरलोडेड होकर बार-बार ट्रिप कर रहा। आपूर्ति ट्रांसफार्मर अलग ही समस्या बनी हुई है। यह ओवरलोड होकर बार-बार ट्रिप कर रहा है। साहित्य सम्मेलन पावर सबस्टेशन का लोड क्षमता से अधिक जा रहा था। दस एमवीए इसकी क्षमता बढ़ाकर 30 से 40 एमवीए की गयी। इससे बारीपथ, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, कदमकुआं,



दलदली रोड की बिजली आपूर्ति सुधरी है। दीघा न्यू ग्रिड के केबल ट्रंच में सुबह दस बजे आग लग गई, जिस ग्रिड को तत्काल बंद करना पड़ा। इससे पश्चिमी पटना में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। 40 मिनट तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सुबह 10.50 बजे आग लगी और 11.30 बजे बहाल हुई। ग्रिड को सुरक्षा के लिए बंद कर दिया गया। ऐसा नहीं करने पर पावर ट्रांसफार्मर में आग पकड़ लेता और करोड़ों का नुकसान हो जाता। दीघा न्यू ग्रिड के बंद होने से लगभग दस 33 केवीए के दस फीडर बंद हो गए। इन फीडरों से जुड़े पांच लाख लोगों को बिजली की किल्लत 40 मिनट तक झेलनी पड़ गई। शहर में ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर वाले जगहों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। पेसू पूर्वी अंचल में 4 आपूर्ति ट्रांसफार्मर लगाए गए। लोड शेयर कर ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। खेमनीचक, नेशनल हॉस्पिटल, कनौजी स्टेडियम गोपालपुर कंकड़बाग टू, प्रकाश नगर गोपालपुर कंकड़बाग में 200 केवीए के ट्रांसफार्मर लगे।

## 20 नकाबपोश ने 120ग्राम सोना, 2किलो चांदी और 2 लाख कैश लूटे, दो को मारी गोली

# पूर्णिया में बमबाजी, फायरिंग कर 4 घरों में डकैती

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में बीती रात 20 से अधिक नकाबपोश अपराधियों ने 4 परिवारों के घर में डकैती की। अपराधियों ने करीब एक घंटे तक घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए बमबाजी और कई राउंड फायरिंग भी किए और हथियार के बल पर 12 भर सोना (करीब 120 ग्राम), 2 किलो चांदी और 2 लाख रुपए कैश लूटकर फरार हो गए।

पीछा करने पर डकैतों ने पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य समेत दो लोगों को गोली मार दी। दोनों का इलाज चल रहा है। डकैती मो. नईम, मो. नौशाद, मो. अहिजुल, मो. अरशद के घर पर हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि देखने से अपराधियों की उम्र काफी कम लग रही थी। पूरी घटना बायसी थाना क्षेत्र के चनकी ताराबाड़ी की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने गांव में नदी से एक हथोड़ा, 11 जोड़ी जूता-चप्पल, मोबाइल कवर और बुलेट्स और कई अन्य चीजें भी बरामद की हैं।

### ग्रामीण सोने की तैयारी में थे

पीड़ित के रिश्तेदार फरहाज ने बताया कि रात के करीब 12 बज रहे थे। सब लोग सोने की तैयारी में थे। तभी बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग और बमबाजी की आवाज आने लगी। खिड़की से झांक कर देखा तो 15 से 20 की संख्या में कुछ लोग घर की तरफ आ रहे थे। सभी की हाथों में हथियार थे। कुछ ही देर बाद वे नईम और उनके रिश्तेदारों के घर में घुस गए। हथियार का भय दिखाकर नईम से मारपीट करते हुए घर में रखे 12 भर सोना और करीब 2 किलो चांदी समेत 1 लाख 40 हजार कैश लूट ले गए।

### महिला के सिर को छूती हुई बुलेट निकली

इधर, मो. नौशाद ने बताया कि अपराधी बंगाल के दालकोला से होते हुए मालोपाडा तेलंगा घाट से लगे महानंदा नदी पार कर गांव में घुसे थे। सभी ने नकाब पहन रखा था। देखने से काफी कम उम्र के लग रहे थे। डकैती के बाद भागने के क्रम में अहिजुल की पत्नी अफरोजा ने अपराधियों का पीछा किया, इसी दौरान डकैतों ने उसपर गोली चला दी।

बुलेट महिला के सिर को छूती हुई निकल गई। शोरगुल करने पर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व वार्ड सदस्य आफाक आलम ने महानंदा नदी में छिपकर जब डकैतों को पकड़ने की कोशिश की, तो डकैतों ने उनके ऊपर भी गोली चला दी और फिर भाग निकले।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाया

वारदात के बाद परिजन ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य आफाक आलम की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गोली आफाक के हाथ में लगी। जिससे उसका काफी खून बह गया। डॉक्टरों ने बताया कि अभी भी गोली हाथ मे फंसी हुई है। जिससे वार्ड सदस्य की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। उसका इलाज पूर्णिया के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### पुलिस ने कई साक्ष्य इकट्ठा किए

भागने के क्रम में अपराधी गांव से लगी नदी किनारे से एक



हथौड़ा, 11 जोड़ी जूता-चप्पल, बांस-डंडे, सिगरेट का डब्बे और पानी का बोतल छोड़ गए। इतना ही नहीं भागने की हड़बड़ाहट में घर के आसपास एक गोली और मोबाइल का कवर छोड़ गए। जानकारी मिलते ही बायसी थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, डगरूआ थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और कई जरूरी एविडेंस कलेक्ट किए। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



# चलती बस में महिला को आई उलटी, खिड़की से निकाला सिर, धड़ से हुआ अलग

**गया, एजेंसी।** चलती बस की खिड़की से उलटी के लिए सिर निकलना महिला के लिए मौत का सबब बन गया। और सिर धड़ से अलग हो गया। गया जिले में यात्री बस में सफर कर रही महिला बोमेटिंग (उलटी) के लिए सिर खिड़की से बाहर निकाला उसका सिर धड़ से अलग हो गया। घटना बुधवार की दोपहर पंचानपुर चौक के पास घटी। महिला का सिर सामने से आ रहा भारी वाहन से टकरा गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान अरवल जिले के ओझा बिगहा निवासी रामरूप महतो की 48 वर्षीय पत्नी सुमिन्ता देवी के रूप में हुई। इलाज कराने गया जा रही थी महिला जानकारी के अनुसार गोह से गया की तरफ जा रही यात्री बस में महिला सवार थी। बस जैसे ही पंचानपुर बाजार पहुंची महिला यात्री को बोमेटिंग आई। महिला ने खिड़की से सिर बाहर निकाला। इसी क्रम में गया की ओर से आ रहा भारी वाहन ने महिला के सिर में जोरदार टक्कर मार दी। महिला का खून से लथपथ शरीर और सिर से अलग धड़ यात्रियों में हो हल्ला मच गया। बस पर सवार यात्री नीचे उतर गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम और पंचानपुर थाने की पुलिस ने कड़ी मशक्कत से महिला के शरीर को बस से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। सुमिन्ता अपनी छोटी बहन और बहन के बेटे के साथ गया चिकित्सक के पास इलाज के लिए जा रही थी। इसी बीच वह दर्दनाक हादसे की शिकार हो गई। वहीं शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के गुलबिया चक के पास दो बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक गुलबिया चक के रहने बाले 17 वर्षीय युवक राका है। मगध मेडिकल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मेडिकल थानाध्यक्ष ने बताया कि दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में युवक जान गवां बैठा। दूसरी घटना चंदौती थाना क्षेत्र में हुई। एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छोटकी नवादा के रहने वाले लक्षण कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# एमडीआर टीबी मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिला यक्षमा केंद्र

चाणक्य भूमि

मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट को एमडीआर टीबी के नाम से जाना जाता है। इन्हें बिगड़ी हुई या गंभीर प्रकार की टीबी भी कहते हैं। जब सामान्य टीबी में काम आने वाली दो मुख्य दवाएं आइसोनियाजिड व रिफाम्पीसीन रोगी पर बेअसर हो जाती हैं। यानी टीबी के कीटाणु इन दवाओं के लिए रेजिस्टेंट हो जाते हैं,तो उस रोगी की टीबी को एमडीआर टीबी कहते हैं।वहीं एमडीआर टीबी के रोगी की दवा शुरू करने के छह माह बाद भी यदि उसका बलगम कल्चर पॉजिटिव आता है तो उसे एक्स.डी.आर टीबी मानते है जो काफ़ी जानलेवा होता है।जबकि सरकारी अस्पताल में राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त में रोगी का इलाज करवाया जाता है। एम डी आर होने



पर 18 महीने तक नियमित दवाओं के प्रयोग से रोगी स्वस्थ हो जाता है।वहीं एक्सडीआर टीबी का उपचार 24 से 30 माह तक चलता है।

**2024 के मई माह तक मिले 83 एमडीआर टीबी के मरीज**- पूर्वी चम्पारण जिले में वर्ष 2020 मे 162, 2021 -183, 2022- 183, 2023- 171, वहीं इस वर्ष 2024 मई महीने तक कुल 83 एमडीआर मरीज मिले हैं । जिनका जिला यक्षमा केंद्र व पी एचसी पर इलाज हो रहा है।वहीं टीबी मरीजों की खोज आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की जाती है तब टीबी के मरीज प्रतिवेदित होते है जिनका इलाज कराने के साथ ही समय समय पर फॉलोअप किया जाता है।लाभार्थी संतोष कुमार, चिरैया प्रखंड निवासी ने बताया की एमडीआर के कारण मेरी हालत बेहद खराब हो चुकी थीं परन्तु जिला यक्षमा केंद्र मोतिहारी इलाज कराकर मैं आज पूर्णतः स्वस्थ हुँ। लोगों को भी टीबी से बचाव के लिए जागरूक कर रहा हुँ।

**दवाओं को नियमित रूप से नहीं लेने पर होता एमडीआर का खतरा**-जिले के यक्षमा पदाधिकारी डॉ सुनील ने बताया की जिले मे 8500 से ज्यादा टीबी मरीज है जिनका उपचार हो रहा है। उन्होंने बताया की आमतौर पर टीबी के मरीज जब दवाओं को नियमित रूप से नहीं लेते तो एमडीआर की समस्या होती है वहीं दवाओं की के सही चयन या मात्रा मे उपयोग न करने से भी यह रोग हो सकता है। टीबी के वे रोगी जो एचआईवी से पीड़ित हैं, जिन्हें फिर से टीबी रोग हुआ हो, टीबी की दवा लेने पर भी बलगम में इस रोग के कीटाणु आ रहे हैं या टीबी से प्रभावित वह मरीज जो एमडीआर टीबी रोगी के संपर्क में रहा है, उसे एमडीआर टीबी का खतरा हो सकता है।

# अज्ञात वाहन की चपेट आने से बाईक सवार हुआ घायल



चाणक्य भूमि बगहा

नगर थाना क्षेत्र के राजवटिया रतवल बीच की घटना बताई जा रही है मुख्य मार्ग

घायल अवस्था में बीच सड़क पर पड़ा हुआ था जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया अस्पताल में डॉक्टर केबीएन सिंह के द्वारा तुरंत ट्रीटमेंट किया गया लेकिन उसकी बावजूद भी उसकी गंभीर स्थिति बनी हुई थी जिसको बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वही घायल युवक की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के रतवल गाँव निवासी बृजलाल यादव की 30 वर्षीय पुत्र सरवन कुमार यादव के रूप में हुई है।

# मारवाड़ी महिला समिति ने राहगीरो को पिलाया सत्तू

चाण्क्यभूमि मझौलिया

मारवाड़ी समुह महिला मंडल मझौलिया की सदस्या नीतू अग्रवाल ने ज्येष्ठ महीने में भीषण गर्मी से तड़पते लोगों को पीएनबी मझौलिया के समक्ष स्टाल लगाकर लगभग 250 लोगों को निम्बू के साथ चन्ना सतु का घोल पिलाया।इससे लोगों को बड़ी राहत मिली।लोगों में अग्रवाल परिवार द्वारा किये गये इस।नेक कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है। बताते चले कि नीतू अग्रवाल एक सामाजिक कार्यकर्ता है। अक्सर



अपने नेक कार्यो से चर्चा में बनी रहती है।राहगिरो ने सत्तू पीकर हृदय से आशीर्वाद दिया। पूर्व में भी इनके द्वारा चिलचिलाती धूप में राहगीरों को शरबत पिलाया गया था। इस नेक कार्य मे संजय अग्रवाल,रौनक अग्रवाल आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।






# बगहा नगर थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



चाणक्य भूमि बगहा

बगहा नगर थाना परिसर में बकरीद को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग शामिल हुए।बैठक के दौरान बगहा एसडीपीओ देवेंद्र कुमार व नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने लोगों से बकरीद को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगा। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी।ऐसे में अगला कहीं भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दे। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियो से सभ्य समाज निर्माण करने की दिशा में नशीली पदार्थ के कारोबारी तथा नशेड़ी को पकड़ने में मदद की अपील की।मौके पर एसआई उत्पल कुमार,अनिल कुमार पासवान, जनप्रतिनिधियों व गड़मान्य मौजूद रहे।

# शौचालय का फीता काट मुखिया ने किया उद्घाटन

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन टंकी बाजार में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का वाल्मीकिनगर पंचायत के मुखिया पन्नालाल साह ने बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त शौचालय का निर्माण लगभग पांच लाख रुपये की लागत से कराया गया है।

उद्घाटन के बाद मुखिया पन्नालाल साह ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय के बन जाने से अब लोगों को खुले में शौच जाने की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय बनवाया गया है। लेकिन वाल्मीकिनगर पर्यटन स्थल होने के कारण यहां पर्यटकों की आवाजाही लगी रहती है। इसलिए जगह-जगह सार्वजनिक शौचालय बनवाए जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सुविधा मिल सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि इसे निजी शौचालय समझकर उपयोग करें, और इसका रखरखाव करें। उन्होंने कहा कि अधिकतर जगहों



पर देखभाल नहीं होने के कारण बाद के दिनों में यह जर्जर हो जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। जहां भी सार्वजनिक शौचालय बनता है, लोग उसका सही तरीके से उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि आगे के समय में कई जरूरत वाले जगह पर शौचालय का निर्माण कराया जाएगा और इसको लेकर योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया पन्नालाल साह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विनोद साह,भोला साह, सुरेंद्र साह सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।









# संदिग्ध स्थिती में महिला की मौत पेड में लटका मिला शव

चाणक्यभुमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र के तिवारी टोला के वार्ड नंबर 5 निवासी तपन कुशवाहा की पत्नी प्रियंका देवी 30 ने बुधवार की देर रात्रि में आम के पेड़ से लटक कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। परिजन घर छोड़ फरार है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तिवारी टोला निवासी मृतक प्रियंका देवी



30 का पति तपन कुशवाहा छः माह पहले गुजरात मे मजदूरी करने के लिए गया है। घटना के एक दिन पहले किसी मामले को लेकर मृतिका व उसके परिजनों के बीच विवाद चल रहा था।सुबह में ग्रामीणों ने देखा की महिला पेड़ में फांसी लगगाकर लटकी हुए थी।जिसको देख ग्रामीणों ने शोर गुल कर पुलिस को सूचना दिया। उसके दो छोटे छोटे बच्चे भी है।उसकी मायके नौतन थाना क्षेत्र के धूमनगर गांव में है।

# जन शिक्षण संस्थान के द्वारा सिलाई का दिया जा रहा प्रशिक्षण

चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के चौमुखा पंचायत में जन शिक्षण संस्थान के द्वारा महिलाओं बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया मुकेन्द्र यादव ने बताया कि महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। ताकि रोजगार में वृद्धि हो और गरीबी कम हो साथ ही उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्म योजना के तहत लोन देने का भी प्रावधान संस्थान के द्वारा प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि अगर महिलाओं के पास रोजगार रहेगा तो कहीं भी अपनी पॉकेट मनी कमा



सकती है। अपने परिवार की पालन पोषण अच्छी तरह से कर सकती है। मुखिया ने बताया कि पंचायत को आदर्श पंचायत की ओर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर प्रशिक्षण में पहुंची पूजा देवी,चंदा देवी,सविता देवी,प्रियंका कुमारी,रवीना कुमारी,बबीता देवी,गीता कुमारी,उषा कुमारी,कविता देवी,द्रोपती देवी,ममता कुमारी,रेशमा खातून,पूजा कुमारी इत्यादि प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं व बचीया शामिल रही।









# व्यवसायी की गोली मार लूट मामले पुलिस ने दो अपराधियों को देशी कट्टा व गोली के साथ किया गिरफ्तार

चाणक्यभुमि

घोड़ासहन के व्यवसायी सुजीत जयसवाल को गोली मार 3 लाख की लूट मामले का पुलिस ने घटना के 48 घण्टे के अंदर घटना में संलिप्त दो अपराधियों को एक देशी कट्टा व दो गोली के साथ गिरफ्तार कर घटना का सफल उद्भेदन कर लिया है। साथ ही अपराधियों के पास से घटना में प्रत्युक्त दो बाइक व दो मोबाइल को भी जब्त किया गया है। सिकरहना एसडीपीओ कार्यालय में गुरुवार की शाम हुई प्रेसवार्ता में जानकारी देते सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने गिरफ्तार अपराधियों की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बसवारिया गांव निवासी रूपेश कुमार व विवेक कुमार के रूप में की है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही पुलिस घटना के आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार के साथ वैज्ञानिक व तकनीकी के साक्ष्यों के आधार पर उक्त दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। पकड़े गए दोनो अपराधियों को आपराधिक इतिहास रहा है। जिसमे रूपेश कुमार पर दो आपराधिक मामले दर्ज है तो वहीं विवेक



पर करीब 8 मामले दर्ज है। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने घटना में शामिल अपने अन्य साथियों के नामो का भी खुलासा किया है। जिसे पुलिस गुप्त रखते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। पूछताछ के बाद गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार के अलावा पुनि धनंजय कुमार, जिला आसूचना इकाई अनुज पांडेय, अमित कुमार सिंह, घोड़ासहन थानाध्यक्ष शम्भू मांझी, पुअनि मधुकर कुमार, विकास कुमार, एएसआई भानु प्रताप द्विवेदी, सिपाही कुमार चिरंजीवी, लवकुमार सिंह तथा घोड़ासहन थाना के पुलिस बल शामिल रहे।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714